हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, मंगलवार, 5 अगस्त 2025


तापमान

अधिकतम 34.8 डिग्री

न्यूनतम 25.1 डिग्री


11 राजकीय महाविद्यालय महम के मैदान में धूमधाम ...





12 जियोफेंसिंग हाजरी का किया विरोध, डॉक्टरों ...





## शहर में आज

- इनसो का 23 वां स्थापना दिवस सामाजिक सरोकार दिवस के रूप में एमडीयू के मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के कॉन्फ्रेंस हॉल में मनाया जाएगा। जिसमें पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला मुख्यातिथि एवं मुख्य वक्ता मौजूद रहेंगे।
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- बिजली निगम में खुला दरबार सुबह 11 से 1 बजे तक।

## खबर संक्षेप

### बिजली निगम में खुला दरबार आज

**रोहतक।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता बिजेंद्र नरवाल ने बताया कि निगम द्वारा बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के शीघ्र निपटारे के लिए 5 अगस्त को सुबह 11 से 1 बजे तक राजीव गांधी विद्युत भवन में रोहतक सर्किल द्वारा बिजली अदालत आयोजित की जाएगी। उपभोक्ता इस बिजली अदालत में पहुंचकर अपनी बिजली संबंधी समस्याओं एवं शिकायतों का निपटारा करवाएं।

### मदविः कई परीक्षाओं के परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2025 में आयोजित पीजी डिप्लोमा इन योगा साइंस के दूसरे सेमेस्टर की फ्रेश तथा प्रथम सेमेस्टर की केवल री-अपीयर, बीए पत्रकारिता एवं जनसंचार के दूसरे सेमेस्टर की री-अपीयर तथा चौथे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर, बीए एलएलबी पंच वर्षीय की नौवें सेमेस्टर की री-अपीयर तथा एलएलबी तीन वर्ष के पांचवें सेमेस्टर की री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।

### मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी राकेश सैनी ने बताया कि विनय नगर रोहतक निवासी अरुण की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि अरुण 29 जून को बाइक मीट मार्केट में खड़ा कर चला गया। वापिस आने पर अरुण को अपनी बाइक नहीं मिली। अज्ञात युवक पीछे से अरुण की मोटरसाइकिल चोरी कर मौके से फरार हो गया। जांच के दौरान 3 जुलाई को आरोपी राजेश उर्फ विक्की निवासी चमारिया को गिरफ्तार किया गया है।

### पेट्रोल लेने पहुंचे युवक की बाइक से निकाली चाबी

**महम।** महम के पुराने बस अड्डे पर पुलिस की एक टीम नियमों को ताक पर रखकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के चालान काट रही थी। इसी दौरान एक पुलिस अधिकारी ने पेट्रोल पंप पर पहुंचे एक युवक की बाइक की चाबी निकाल ली। इस घटना की वीडियो वायरल हो गई। इस घटना की इलाके के लोग निंदा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवा रहे युवक की बाइक का चालान काटना और उसकी चाबी निकालना किसी भी लिहाज से सही नहीं है।

### चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार

**सांपला।** पुलिस ने हसनगढ़ के पास एक युवक को चोरी की बाइक सहित पकड़ा। युवक ने अपना नाम सोनीपत जिले के गांव रोहणा निवासियों रवि कुमार बताया। पुलिस रविवार को नाकेबंदी कर मार्ग से गुजरने वाले वाहनों की जांच कर रही थी। युवक से कागज मांगे तो उसके पास कुछ नहीं मिला। चोरी की बाइक लिए घूम रहा था।

### मेयर ने आयुक्त के साथ मीटिंग में विकास के लिए अहम फैसले लिए ▶▶ अब दस अगस्त को होगी हाउस की मीटिंग

# शहर में तेजी से होंगे विकास कार्य, जल निकासी, सीवरेज गंदगी सफाई व्यवस्था और सड़कों की हालत सुधरेगी

- मेयर वाल्मीकि ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली
- प्रमुख समस्याओं पर संबंधित विभागों को दिए निर्देश, सुधार के लिए तय की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर के विकास कार्य अब जल्द ही गति पकड़ते नजर आएंगे। किला रोड की मार्केट में चल रहे सौंदर्यीकरण के कार्य को जल्द पूरा किया जाएगा। बाजारों से जल्द अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाए जाएंगे। सड़कों की सुध लेते हुए टेंडर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा पार्क और चौराहों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। यह निर्णय सोमवार को मेयर रामअवतार वाल्मीकि और निगम आयुक्त डॉ आनंद शर्मा सहित अन्य शाखाओं के अधिकारियों की रिव्यू मीटिंग में लिए गए। जिसमें अभियंता, सफाई निरीक्षक, जल आपूर्ति विभाग, सीवरेज शाखा, निर्माण विभाग सहित सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना और जन समस्याओं के समाधान के लिए रणनीति तय करना था। मेयर ने स्पष्ट कहा कि नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कोई भी कार्य अधूरा नहीं रहना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से विभागवार रिपोर्ट मांगी और कहा कि जो कार्य लंबित हैं, उनकी जानकारी तत्काल दें, ताकि उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जा सके।

## समस्याओं के समाधान को लेकर मंथन





**रोहतक।** शहर को चमकाने को लेकर मेयर रामअवतार वाल्मीकि और आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारी मीटिंग करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### अंबेडकर चौक का होगा जीर्णोद्धार

अंबेडकर चौक के जीर्णोद्धार के लिए सोमवार को नारियल फोड़कर उसका विधिवत रूप से निर्माण कार्य भी शुरू करवा दिया गया है। यह चौक अब लोगों को अपनी तरफ आर्कषित करेंगा। क्योंकि इसका नक्शा ही इस तरह से बनवाया गया है। यहीं नहीं इसके चारों तरफ पेड़ पौधे भी लगाए जाएंगे। ताकि इस चौक को भव्य रूप दिया जा सकें।

### जल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली

शहर व सेक्टरों में जल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली गई। जिन क्षेत्रों में नियमित पानी नहीं आ रहा, वहां शीघ्र समाधान हेतु जन स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए। ताकि आमजन को पानी के लिए किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े।

### हाउस की मीटिंग, मांगें एजेंडे

इसके साथ ही निर्णय लिया गया कि दस अगस्त को हाउस की मीटिंग होगी जिसमें मेयर, सभी पार्षद और आयुक्त सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल रहेंगे। इसके साथ ही मेयर की तरफ से सभी पार्षदों को पत्र भेजकर एजेंडे मांगे गए हैं। हाउस की मीटिंग में इस बार पार्षदों की कमेटियां बनाने का भी निर्णय लिया जाएगा।

### जलभराव वाले क्षेत्रों की सूची मांगी गई

मानसून के मद्देनजर, जलभराव वाले क्षेत्रों की सूची मांगी गई। जलनिकासी की नियमित सफाई करने और पंप लगाने के निर्देश दिए गए। क्योंकि शहर के काफी क्षेत्र में आज भी बारिश का पानी भरा हुआ है। जिससे आमजन को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। आमजन को इस परेशानी से दूर किया जाएगा।

### सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताई

शहर में सफाई की व्यवस्था पर नाराजगी जताई। सफाई निरीक्षकों को हिदायत दी गई कि कचरे के ढेर और नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान दें। ताकि आमजन को आवामन में कोई समस्या न आए। इसके लिए निगम अपने पूर संसाधन जुटाए। आमजन को इस तरह से परेशान नहीं होने दिया जाएगा। क्योंकि इससे संबंधित बार बार शिकायतें भी निगम को मिल रही है।

### समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए

अधूरे निर्माण कार्य सड़कों, पार्कों व सार्वजनिक स्थानों पर अधूरे पड़े कार्यों की जानकारी ली और ठेकेदारों को तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कूड़ा उठान को लेकर जो टेंडर किया गया है उसके बारे में भी मेयर ने जानकारी मांगी। वह किस तरह से काम कर रही है। इसके बारे में भी विस्तार से उन्होंने पूछा है। खराब स्ट्रीट लाइट्स की सूची बनाकर उन्हें ठीक करने के आदेश दिए, ताकि रात के समय नागरिकों को कोई असुविधा न हो।

### गोवंशों से भरा कैंटर पकड़ा, चालक फरार

- सभी गोवंश को गोशाला में भेज दिया

**सांपला।** पुलिस ने हसनगढ़ -जम्मू कटड़ा मार्ग के पास गोवंशों से भरा हुआ कैंटर पकड़ा है। कैंटर के टायर फटे हुए थे। पुलिस को किसी ने सूचना दी कि हसनगढ़ - कटरा मार्ग के नजदीक एक कैंटर खड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही कस्बा पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने देखा तो गाड़ी पर तिरपाल लगा हुआ था। उसको हटा कर देखा तो उसके अंदर 11 गाय और तीन बैल भरे हुए थे। जिनके मुंह भी बंधे हुए थे। ताकि उनकी आवाज ना आ सके। पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेकर सभी गोवंश को गोशाला में भेज दिया और अज्ञात लोगों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## डॉ. वनिता रोज तथा डॉ. मुकेश चुने गए ईसी सदस्य



डॉ. मुकेश तंवर



डॉ. वनिता रोज

कार्यकारी परिषद सदस्य डॉ. मुकेश तंवर तथा डॉ. वनिता रोज का कार्यकाल 6 अगस्त 2025 से दो वर्ष के लिए रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय एक्ट के स्टैच्युट 11 के प्रावधानों के तहत जेनेटिक्स विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मुकेश तंवर तथा शिक्षा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. वनिता रोज को गत 29 जुलाई को आयोजित ईसी सदस्य के चुनाव के आधार पर कार्यकारी परिषद का सदस्य चुना गया है। कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने बताया कि बतौर कार्यकारी परिषद सदस्य डॉ. मुकेश तंवर तथा डॉ. वनिता रोज का कार्यकाल 6 अगस्त 2025 से दो वर्ष के लिए रहेगा।

### दो युवक नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने 2 युवकों को नशीले पदार्थ सहित काबू किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अलग-2 केस दर्ज करके कार्यवाही की गई हैं। एवीटी थाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि कलानौर बाईपास के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान राहुल निवासी विजय नगर के रूप में हुई। तलाशी लेने पर युवक के पास से 363 ग्राम अफीम बरामद हुई है। युवक के खिलाफ थाना कलानौर में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है। एएनसी स्टाफ पीएसआई मनोज कुमार ने बताया कि खरावड़ बस स्टैंड के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान रोहित निवासी करतारपुरा के रुप में हुई। युवक के पास से 198 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है।

### नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए नई पहल

## अगमजोत कौर व कठपुतली कॉमेडियन ग्रेसी सुकर्मा ने वीडियो से दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में और अधिक सुधार के लिए नगर निगम निरंतर प्रयासरत है। अब सफाई के कार्य में अन्य व्यक्ति भी सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं ताकि रोहतक शहर को और अधिक सुन्दर बनाया जा सके। सफाई कार्य आमजन के सहयोग के बिना संभव नहीं है तथा आमजन का स्वच्छता के प्रति जागरूक होना भी अतिआवश्यक है। नगर निगम का सफाई कार्य में सहायोग एवं आमजन की जागरूकता हेतु अगमजोत कौर व ग्रेसी कठपुतली कॉमेडियन तथा एंकर सुकर्मा जग्गा ने वीडियो के माध्यम से गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग करने हेतु संदेश दिए गया है। पूर्व में भी अगमजोत कौर व ग्रेसी कठपुतली कामेडियन ने कूड़े को इधर-उधर न फैकने तथा गंदगी न फैलाने बारे संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि गंदगी न फैलाये क्योंकि सफाई कार्य की जितनी जिम्मेदारी निगम की है उतनी आपकी भी है अन्यथा गंदगी फैलाने वालो के चालान किए जाएंगे। इस वीडियो से आमजन को काफी अच्छा संदेश मिलेगा व आमजन भी स्वच्छता के प्रति जागरूक होंगे। निगम भी सफाई कार्य के प्रति काफी गंभीर है तथा गंदगी फैलाने वालो के नगर निगम द्वारा निरंतर चालान किए जा रहे है सोमवार भी नगर निगम की टीम द्वारा गंदगी फैलाने वाले का 10 हजार का 1 चालान किया गया।

### समीक्षा बैठक | कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने ली डीन फैकल्टीज की बैठक, छात्र हित में लिए निर्णय

# डीन संकाय में प्रवेश की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करें रिक्त सीटों के लिए 25 तक प्रवेश की अनुमति दी जाएगी

- नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के आलोक में पाठ्यक्रमों के संचालन पर व्यापक चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने सोमवार को विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के डीन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक में विश्वविद्यालय में चल रही प्रवेश प्रक्रिया, कक्षाओं की व्यवस्था तथा नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के आलोक में पाठ्यक्रमों के संचालन पर व्यापक चर्चा की गई।

बैठक में कुलपति ने सभी डीन को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने संकाय में प्रवेश की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करें। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के हित में विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों के लिए 25 अगस्त तक प्रवेश की अनुमति दी जाएगी, जिसकी अधिसूचना शीघ्र जारी की जाएगी।

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने डीन से आग्रह किया कि वे शिक्षकों से समन्वय बनाकर कक्षाओं का सुचारु संचालन सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए स्वागत एवं प्रेरण कार्यक्रम की योजना तैयार की जाए जिससे वे विश्वविद्यालय जीवन के विभिन्न पहलुओं से परिचित हो सकें। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत वैल्यू ऐडेड, वोकेशनल, माइनर व इंटरडिसिप्लिनरी पाठ्यक्रमों की कक्षाएं विधिवत रूप से चलें, इसके लिए समुचित कक्षाएं आवंटित करने एवं प्रणाली को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए। छात्रों के हित में कुलपति ने नियंत्रक परीक्षा को शीघ्र परिणाम घोषित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि सर्टिफिकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने वाले छात्र आवश्यकतानुसार कार्यक्रम परिवर्तन कर सकेंगे, जिसकी अधिसूचना अकादमिक शाखा द्वारा जारी की जाएगी। बैठक में यह भी उल्लेख किया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा डिस्टेंस और ऑनलाइन कोर्सेज के लिए भी प्रवेश अधिसूचना जारी की जा चुकी है।



**रोहतक।** बैठक में सभी डीन को निर्देश देते मदवि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह। फोटो: हरिभूमि

### ये मौजूद रहे

बैठक में डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस.सी. मलिक, रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत, डीन सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा, प्रो. सेवा सिंह दहिया, प्रो. राजीव कुमार, प्रो. राजपाल, प्रो. गुलशन लाल तनेजा, प्रो. जितेंद्र ढुल, प्रो. मीनाक्षी वशिष्ठ, प्रो. सपना गर्ग, प्रो. रणदीप राणा, प्रो. हरीश दुरेजा, प्रो. सोनिया तथा प्रो आशीष दहिया जनसंपर्क निदेशक उपस्थित रहे।

## सीसर खास में युवक ने जहर खाकर जान दी

### सुसाइड नोट में दो लोगों को जिम्मेदार ठहराया

- मृतक की पत्नी ने महम थाने में दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

सीसर खास गांव में एक युवक ने जहरीला पर्दाथ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। युवक ने मरने से पहले एक सुसाइड नोट भी लिखा। जिसमें उसने दो लोगों को अपनी मौत के लिए जिम्मेवार बताया है। मृतक की पत्नी ने इस संबंध में महम थाना पुलिस को एक शिकायत दी है। पुलिस ने सुसाइड नोट को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस को दी शिकायत में सीसर खास गांव निवासी मोनिका ने बताया कि उसके पति विनोद कुमार को दो लोगों ने आत्महत्या के लिए मजबूर किया है। जिनमें भैणीचंद्रपाल गांव निवासी संदीप उर्फ पोनी और सीसर खास गांव निवासी दीपक शामिल हैं। 3 अगस्त को दोपहर करीब दो बजे उसके पति ने इन लोगों के दबाव में आकर अपनी जान दे दी। इन दोनों ने उसके पति का जीना मुश्किल कर रखा था। 29 दिसंबर 2022 को इन्होंने उसके पति से 2 लाख 80 हजार रुपये लिए थे और उसके पति को एक पुराना ट्रैक्टर दे दिया था। फिर संदीप ने कहा कि इसके कोई कागजात भी नहीं हैं। यह ट्रैक्टर उनको वापस दे दे। उसके पति ने इनको ट्रैक्टर भी वापस दे दिया। संदीप ने कहा कि उसको दो लाख रुपये और दे दे। वह उसको बढिया जोन डीयर ट्रैक्टर दे देगा। उसके पति ने उसको दो लाख रुपये भी दे दिए। लेकिन कोई ट्रैक्टर नहीं दिया। संदीप ने उसके पति के फोन उठाने भी बंद कर दिए। उसके पति ने दीपक को एक गेहूं से तूड़ी बनाने वाली रीपर मशीन भी दी थी। जिसकी कीमत 1 लाख 50 रुपये थी। इसने भी उसके पति का पैसा नहीं लौटाया। ये दोनों पैसा वापस नहीं कर रहे थे और उसके पति को ही जान से मारने की धमकी दे रहे थे।



विशेष
रक्षाबंधन
9 अगस्त

# रक्षाबंधन
# कभी ना कमजोर हो रिश्तों की डोर

भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक पर्व है रक्षाबंधन। इस दिन जब बहन भाई की कलाई पर राखी बांधती है, तो दोनों के रिश्ते और गहरे होते हैं। समय के बदलाव के साथ इस रिश्ते के ताने-बाने कमजोर हो रहे हैं। इसलिए जरूरी है, रक्षाबंधन के मूल्यों को सहेजा जाए ताकि भाई-बहन के रिश्तों की ऊष्मा कम ना हो।

आवरण कथा
यशोधरा भटनागर

रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, एक अनुभूति है। बहन की कोमल भावनाओं से बुनी-गूंथी रेशम की डोर भाई की कलाई पर बंध उसके मन को बांध लेती है। उस रिश्ते की गहराइयों में उतर जाती है, जिसमें न अपेक्षा होती है, न शर्त। एक निस्वार्थ भावना, रक्षा और पावन स्नेह राखी की कच्ची डोर को मजबूती से बांधे रखती है।

## एक भावनात्मक परंपरा

रक्षाबंधन स्मृतियों, स्नेह और संबंधों की एक ऐसी भावनात्मक परंपरा है, जो हर साल भाई-बहन के अटूट बंधन को नए अर्थ देती है। एक रेशमी धागा, जो पीढ़ियों से बहन की आशा और भाई की जिम्मेदारियों को जोड़ता आ रहा है। समय के साथ बहन ने भाई की जिम्मेदारी भी खुशी-खुशी अपने कंधों पर उठा लेने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। पहले राखी का त्योहार केवल मनाया ही नहीं जाता था, जिया जाता था। रक्षाबंधन का उत्साह लिए बड़ी बुआ, जिनके बालों में सफेदी और चेहरे पर अनुभवों का प्रकाश होता, वह पूरे हर्षोल्लास से भाई के घर आतीं, मायके का आंगन उनके आगमन से महक उठता।

## हंसी-ठिठोली और प्रेम से भरा त्योहार

एक समय ऐसा था जब, *'साल भरे में एक बार त्योहार जे पावन आवै, पहुंच जाऊं मायके जल्दी से मोरों जी हरसावै...'* गीत गाती बुआएं बैठे-बैठे सिवइयां तोड़ देतीं। अम्मा घर पर ही सुंदर-सुंदर कपड़े सिल लेतीं। मां, बुआओं और बेटियों की कलाई पर रंग-बिरंगी चूड़ियां खनखनातीं, हाथों की मेहंदी की सुवास त्योहार में कुछ अलग रंग भर देता। पाजेबों की रुनझुन मधुर संगीत गढ़ लेती। रेशम की लच्छियों से बनी राखियों में बहनें, भाई के लिए अपना सारा स्नेह उड़ेल देतीं। रक्षाबंधन की सुबह ही बड़े उत्साह से चावल, रोली, नारियल और मिठाइयों से थाल सजाया जाता। हंसी-ठिठोली और प्रेम से सराबोर हो त्योहार मन जाता। चाव से लड्डू खाता भाई, आरती उतारती बहन को नेग के लिए खूब सताता। फिर शुरू हो जाती प्यार भरी लड़ाई तो अम्मा शगुन रख यह प्यारा सा झगड़ा सुलझा देतीं।

## बहुत बदल गए हैं अहसास

एक समय था, रिश्ते खून के नहीं, भावना के होते थे। राखी भाई का वचन होती थी- *'तेरे दुःख से पहले मैं आऊंगा बहन।'* और बहन की नजरें कहती थीं- *'जब तू है तो मुझे किसी और की जरूरत नहीं।'* आज ऐसे एहसास ढूंढे नहीं मिलते। आधुनिक जीवन की आपा-धापी में रक्षाबंधन भी एक कैलेंडर इवेंट बन गया है। भाई-बहन के पास समय नहीं है, भावनाएं स्क्रीन पर सिमट गई हैं। राखी अब ई-कॉमर्स के डिब्बों में आती है। प्रेम उसमें बंधे नोट में नहीं, साथ बिताए समय में था, जो अब दुर्लभ होता जा रहा है। आज जब मोबाइल फोन पर प्रियंका ने राखी भेजी और मीटिंग में उलझे भाई बिट्टू ने दो पल का समय निकाल कर 'हैप्पी रक्षाबंधन' कहा तो वह मुस्कुरा तो दी, पर भीतर कहीं एक रिक्तता तैर गई। कॉल कटते ही उसका चेहरा बुझ गया। याद हो आए वो दिन, जब रक्षाबंधन का त्योहार कई दिन पहले ही अंदर बाहर उत्साह भर देता था। भाई के लिए थाली वह कितने प्यार से सजाती थी। मिठाई में बिट्टू की पसंद के रसगुल्ले जरूर होते और वह एक के एक करके गपागप कितने ही सटका जाता। नेग के नाम पर कहता, 'जिज्जी ढेर सारा प्यार दे तो रहा हूं' या कभी चॉकलेट का खाली रैपर रख देता। लड़-झगड़ कर वह भी मोटा नेग लेती थी। यह सब याद कर एक हंसी उसके चेहरे पर तिर आई। वह धीरे से बुदबुदाई, 'सदा ऐसे ही खुश रहो मेरे प्यारे भाई!'



## रिश्तों को सहेजने वाला पर्व

रक्षाबंधन केवल एक रस्म नहीं, यह रिश्तों को समय देकर, उन्हें सहेज कर, पीढ़ियों से जोड़ने का एक माध्यम है। आज जब जिंदगी की आपा-धापी में बहुत कुछ छूट रहा है, तो जरूरी है कि हम उन भावनात्मक डोरियों से फिर से बंधें। थोड़ी देर साथ बैठें, बात करें, यादें ताजा करें और अपनों को ये एहसास दिलाएं कि रक्षाबंधन का दिन हमारे जीवन के सबसे सुंदर दिनों में से एक है।

## राखी के धागों की पकड़ सहेजें

राखियां डिजिटल हो सकती हैं, मिठाइयां ऑनलाइन मिल सकती हैं, पर... बड़ी बुआ के हाथों की कांपती अंगुलियों से बंधी राखी, मुंहबोली बुआ की आंखों में छलकता प्यार, ये अनुभव किसी स्क्रीन पर नहीं, सिर्फ दिल में उतरते हैं। इस रक्षाबंधन, क्यों न हम राखी केवल भेजें नहीं, बल्कि इसे जिएं। क्यों न हम फिर से लौटें उन लम्हों की ओर, जो हमारी असली पूंजी हैं! क्योंकि रिश्तों की असली मिठास न रसगुल्लों में है, न उपहारों में, वो तो बस एक बात में छुपी है, जब भाई कहता है, 'बहन मैं हूं... तुम्हारे साथ... हमेशा-हमेशा।' फिर इस पर 'भाई तेरी खुशी में ही मेरी खुशियां हैं।' ऐसी बातों में और बहन की मुस्कान में भाई का गर्व छुपा होता है और भाई की आंखों में बहन का संसार। तो आइए इस रक्षाबंधन एक बार फिर से रिश्तों की गर्माहट को महसूस करें, उस डोर को फिर से सहेजें, जो शायद ढीली पड़ गई पर टूटी नहीं है।



# भाई-बहन के प्रगाढ़ प्रेम का पर्व रक्षाबंधन

रक्षाबंधन के अवसर पर अपने भाई की कलाई पर आप भी जरूर राखी बांधेंगी। अगर आप वास्तु नियमों के अनुसार इस परंपरा को निभाएं तो इससे बहुत शुभ फलों की प्राप्ति होगी और आप दोनों का आपसी प्रेम सदैव बना रहेगा।

पर्व-परंपरा
अनीता जैन

रक्षाबंधन का पर्व भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के स्नेह, आत्मीयता और आपसी विश्वास का प्रतीक है। इस विशेष दिन बहन अपने भाई के ललाट पर तिलक कर उसकी कलाई पर रक्षासूत्र बांधती है। भाई आजीवन अपनी बहन की रक्षा करने का वचन देता है। यह पर्व मात्र एक रस्म नहीं, बल्कि आत्मीयता, दायित्व और आपसी प्रेम का ऐसा बंधन है, जो उम्र भर साथ निभाता है। इस दिन का धार्मिक, पौराणिक और वास्तु शास्त्र से जुड़ा महत्व भी है, जिसे समझकर और विधिपूर्वक पालन कर इस पर्व को और अधिक फलदायी और शुभ बनाया जा सकता है। अच्छे मुहूर्त और भद्रारहित काल में भाई की कलाई पर राखी बांधने से भाई को कार्यसिद्धि और हर कार्य में सफलता प्राप्त होती है।



## ऐसे बांधें राखी

वास्तु के अनुसार घर का मुख्य द्वार वह प्रमुख स्थान है, जहां से सकारात्मक ऊर्जा घर के भीतर प्रवेश करती है, जो आपकी और भाई की समृद्धि के लिए मददगार हो सकती है। रक्षाबंधन के दिन मुख्य द्वार पर ताजे फूलों और पत्तियों से बनी बंधनवार लगाएं और रंगोली से घर को सजाएं। पूजा के लिए एक थाली में स्वास्तिक बनाकर उसमें चंदन, रोली, अक्षत, राखी, मिठाई और कुछ ताजे फूलों के बीच में एक घी का दीया रखें। दीपक प्रज्वलित कर सर्वप्रथम अपने इष्टदेव को तिलक लगाकर राखी बांधें और आरती उतार कर मिठाई का भोग लगाएं। फिर भाई को पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठाएं। इसके बाद उनके सिर पर रुमाल या कोई वस्त्र रखें। अब भाई के माथे पर रोली-चंदन और अक्षत का तिलक लगाकर उसके हाथ में नारियल दें। इसके बाद येन बद्धो बलि राजा, दानवेंद्रो महाबलः। तेन त्वाम प्रतिबद्धनामि रक्षे माचल माचलः। इस मंत्र को बोलते हुए भाई की दाहिनी कलाई पर राखी बांधें। भाई की आरती उतार कर मिठाई खिलाएं और उनके उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए भगवान से प्रार्थना करें। इसी दिन देवताओं, ऋषियों और पितरों का तर्पण करने से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बढ़ती है। इस दिन आप नदियों, तीर्थों, जलाशयों आदि में स्नान और दान-पुण्य करके ईष्ट कार्य भी सिद्ध कर सकते हैं।



## राखी बांधने के नियम

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पुरुषों और अविवाहित कन्याओं को दाएं हाथ में रक्षासूत्र बांधना चाहिए वहीं विवाहित स्त्रियों के लिए बाएं हाथ में राखी बांधने का विधान है। भाइयों को राखी बंधवाते समय उस हाथ की मुट्ठी को बंद रखकर दूसरा हाथ सिर पर रखना चाहिए। वास्तु शास्त्र में काले रंग को औपचारिकता, बुराई, नीरसता और नकारात्मक ऊर्जा से जोड़कर देखा जाता है, इसलिए इस दिन बहन और भाई दोनों को काले रंग के परिधान पहनने से परहेज करना चाहिए।

## ऐसे शुरू हुई राखी बांधने की परंपरा

पौराणिक कथाओं के अनुसार जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार के रूप में राक्षस राज बलि से तीन पग में उनका सारा राज्य मांग लिया था और उन्हें पाताल लोक में निवास करने को कहा था, तब राजा बलि ने भगवान विष्णु को अपने मेहमान के रूप में पाताल लोक चलने को कहा। जिसे विष्णुजी मना नहीं कर सके। लेकिन जब लंबे समय तक श्री हरि अपने धाम नहीं लौटे तो लक्ष्मी जी को चिंता होने लगी। तब नारद मुनि ने उन्हें राजा बलि को अपना भाई बनाने की सलाह दी। अपने पति को वापस लाने के लिए माता लक्ष्मी गरीब स्त्री का रूप धारण कर राजा बलि के पास पहुंच गईं और उन्हें अपना भाई बनाकर राखी बांध दी। इसके बदले उन्होंने भगवान विष्णु को पाताल लोक से ले जाने का वचन मांग लिया। उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा थी और माना जाता है कि तभी से रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाने लगा है।

बदलाव
मधु सिंह

पारंपरिक तौर पर भले ही रक्षाबंधन पर बहनें ही भाई को राखी बांधती हैं। लेकिन नए दौर में अब कई बहनें भी आपस में एक-दूसरे को राखी बांधने लगी हैं। यह नई परंपरा बहनों के बीच आपसी स्नेह और जुड़ाव को और मजबूत भी बना रही है।

# अब केवल भाइयों को ही नहीं बहनों को भी बांध रही हैं राखी



नवी मुंबई की रितिका, गीतिका बरसों तक रक्षाबंधन के दिन अपना कोई भाई न होने की कसक में गुजारती रही हैं। लेकिन पिछले दो सालों से उनकी यह कसक दूर हो गई है, क्योंकि अब दोनों बहनें रक्षाबंधन वाले दिन एक-दूसरे को राखी बांधकर एक दूसरे की रक्षक होने की पुष्टि करती हैं। बहनों द्वारा बहनों को ही राखी बांधने की यह परंपरा एक समावेशी और आत्मीय सामाजिक रिश्ते का संकेत है। पिछले दो तीन सालों से इस ट्रेंड की यह ताजगी भरी बयार सबको सुखद लग रही है, इसीलिए यह ट्रेंड बढ़ता जा रहा है।

**रक्षा की नई परिभाषा:** अभी तक भाई ही बहन को रक्षा करने का वचन देता रहा है। यही कारण है कि इस पारंपरिक त्योहार के आते ही हमारे दिलो-दिमाग में एक ट्रेडिशनल छवि कौंध जाती है, जिसमें थाल सजाए बहन, भाई की कलाई पर राखी बांध रही होती है। लेकिन इक्कीसवीं सदी की एक चौथाई अवधि बीत जाने के बाद भारत में बहुत कुछ बदल रहा है। यह युवा ताजगी से भरा देश कई संबंधों को पुनर्परिभाषित कर रहा है और ऐसा ही संबंध है, बहन से बहन का। आज बहनें भी अपनी दूसरी बहनों को खुशी-खुशी राखी बांध रही हैं, न कोई संकोच, न कोई सामाजिक संकीर्णता।

**भावनाओं का बढ़ा दायरा:** जब तक बहन की राखी सिर्फ भाई की कलाई में बंधती थी, तब तक ये खास रिश्ते की वायस थी। आज इस रिश्ते का दायरा बड़ा हो गया है, अब बहनें भी एक-दूसरे से कहती हैं, 'मैं भी तेरी रक्षक हूं, तूने हर मोड़ पर मेरा साथ दिया है, मेरे जीवन में तेरा होना किसी भाई से कम नहीं।' चाहे वो बड़ी बहन हो या छोटी बहन। आज बहनें एक-दूसरे का संबल ही नहीं बन रहीं बल्कि वे एक-दूसरे की ढाल भी बन रही हैं। इसलिए राखी के रिश्ते में यह परिवर्तन स्वाभाविक है।

**पारंपरिक संवेदना की नई ऊर्जा :** बहनों द्वारा बहनों को राखी बांधना एक ट्रेंड भर नहीं है, यह परंपरा की नई संवेदना है। यह उस पीढ़ी का इमोशनल इंटेलीजेंस है, जो सुरक्षा को केवल बाहुबल के चश्मे से नहीं देखती बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक सहारे के रूप में भी देखती है। एक बहन को दूसरी बहन राखी बांधकर यह जताती है कि मैं तेरे संघर्षों में साथ खड़ी हूं। इससे साबित होता है कि राखी अब केवल भौतिक रक्षा का ही प्रतीक नहीं है। यह सम्मान, भरोसे और बराबरी का भी संदेश देता है।

**रिश्ते बन रहे प्रगाढ़:** बहनों के एक-दूसरे को राखी बांधने की यह नई परंपरा, बहनों के आपसी रिश्ते को प्रगाढ़ बनाने में बड़ी भूमिका निभा रही है। बहनें, एक-दूसरे के दुख में संबल बन खड़ी हो रही हैं। खुशियों में उल्लास और उमंग से शामिल हो रही हैं। वैसे भी बचपन की दहलीज पार करने के बाद बहनें जब किशोरावस्था और युवावस्था में कदम रखती हैं तो वे एक-दूसरे की सबसे विश्वस्त सखी-सहेली बन जाती हैं। अपनी वो बातें भी आपस में शेयर करने लगती हैं, जिसे मम्मी-पापा से नहीं कह पाती हैं। उन्हें यकीन होता है कि उनकी बहन हर स्थिति को समझकर सबसे उपयुक्त सलाह जरूर देगी। स्ट्रेस या चिंताओं से उन्हें उबार लेगी। यानी बहनों के रिश्ते को गहन बनाने में आपस में राखी बांधने की नई परंपरा, बड़ी भूमिका निभा रही है।



### नई पीढ़ी-नई पहचान

साल 2025 में बहनें रक्षा के लिए किसी की याचक नहीं हैं बल्कि वह संदेश दे रही हैं कि बहनें अब बहनों की रक्षा खुद कर लेंगी। इसलिए वे आज एक-दूसरे को राखी बांध रही हैं। यह एक नई परंपरा ही नहीं बल्कि सोच में स्थाई बदलाव की दस्तक है। वह दस्तक जो कहती है कि हम बहनें हैं, हम साथ हैं और एक-दूसरे की रक्षा करना हमारे रिश्ते की सुंदर परिभाषा है।

# फेस्टिव लुक के लिए करें ग्लॉसी मेकअप

मेकअप
मानसी

रक्षाबंधन के खास मौके पर पहनने के लिए आपने अपनी ड्रेस फाइनल कर ली है लेकिन अगर अभी आप डिसाइड नहीं कर पा रही हैं कि किस तरह का मेकअप करें, तो आपको बता दें कि कोई भी लुक तभी परफेक्ट लगता है, जब ड्रेस के साथ मेकअप मैच करता है। इस खास फेस्टिव ऑकेजन पर आप ग्लॉसी मेकअप कर सकती हैं। इसके प्रॉपर स्टेप्स के बारे में यहां बता रहे हैं।

**एक्सफोलिएशन-मॉयश्चराइजेशन:** मेकअप शुरू करने से पहले जरूरी है कि आप अपने चेहरे को अच्छी तरह धो लें और फिर स्किन को एक्सफोलिएट करें। इससे चेहरे पर डेड स्किन निकल जाएगी। साथ ही चेहरे पर मौजूद धब्बे भी हल्के पड़ जाएंगे। इससे स्किन सॉफ्ट भी हो जाएगी। इसके बाद आप चेहरे को मॉयश्चराइज करें। इससे त्वचा पर नमी बनी रहेगी।

**प्राइमर और फाउंडेशन:** जब आप चेहरे को मॉइस्चराइज कर लें तो जरूरी है कि उसके बाद मेकअप को बेस देने के लिए प्राइमर का इस्तेमाल करे, जिससे आपका मेकअप ज्यादा लंबे समय तक टिका रहेगा। साथ ही चेहरे पर दाग धब्बे भी नजर नहीं आते हैं। जब आप चेहरे पर प्राइमर का इस्तेमाल कर लें तो उसके बाद फाउंडेशन अप्लाई करें। बिना फांउडेशन के मेकअप को सही लुक नहीं मिल पाता है। इसलिए फाउंडेशन का इस्तेमाल चेहरे पर जरूर करें। ऑयली स्किन वाली महिलाएं ऑयल फ्री फाउंडेशन का ही यूज अपने चेहरे पर करें।



**आई मेकअप:** आपका कंप्लीट मेकअप तभी सुंदर नजर आता है, जब आपने आंखों का मेकअप परफेक्ट तरीके से किया हो। इसके लिए आप आई मेकअप को सही तरह से करें। ध्यान रखें कि ग्लॉसी मेकअप के लिए आंखों को थोड़ा सॉफ्ट और नेचुरल लुक देना जरूरी है। इसके लिए अपनी आंखों पर रोज गोल्ड या सिल्वर आईशैडो लगाएं। फिर आईशैडो को चमकदार बनाने के लिए अपनी आंखों पर थोड़ी मात्रा में आई-सेफ क्लियर लिप ग्लॉस या पेट्रोलियम जैली लगाएं। इसके बाद आप पलकों को कर्ल करके मस्कारा के दो कोट लगाएं।

**चीकबोंस नजर आए ग्लॉसी:** जब आंखों का मेकअप हो जाए तो ग्लॉसी लुक के लिए चीकबोंस, नाक और चेहरे के कुछ हिस्सों को उभारने के लिए उन पर ब्रोंजर का इस्तेमाल करें। फिर गालों पर पीच शेड का क्रीमी ब्लश का इस्तेमाल करें। इसके बाद अपने चीकबोंस, नाक के ऊपरी हिस्से और माथे पर थोड़ा हाईलाइटर लगाएं। इसे ब्यूटी ब्लेंडर या फिर फ्लेयर ब्रश से स्मज करें।

**लिप ग्लॉस लगाएं:** चूंकि आप ग्लॉसी मेकअप कर रही हैं, इसलिए आपको होंठों पर लिप ग्लॉस का इस्तेमाल करना होगा। आप लिप ग्लॉस में कलर अपनी पसंद का चुन सकती हैं।

**(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

आप अपने भाई के लिए प्यारी सी राखी तो चुनेंगी ही। इसके साथ ही, जिस थाली में रोली, अक्षत के साथ राखी रखेंगी, वो भी बहुत आकर्षक दिखे, इसके लिए ये तरीके अपना सकती हैं।

# आकर्षक दिखेगी रक्षाबंधन वाली थाली



परंपरा
निधि गोयल

हर बहन को इंतजार होता है राखी आएगी तो भाई के लिए वह सुंदर सी राखी तो लाएगी ही, साथ ही राखी, रोली, अक्षत, चंदन, आरती का दीपक और मिठाई आदि रखने के लिए थाली भी सुंदर सी सजाएगी। हम यहां पर विस्तार से बता रहे हैं इसे सजाने का तरीका।

**चुनरी का फैब्रिक:** आप सबसे पहले थाली का बेस बनाने के लिए चुनरी का फैब्रिक लें और उसे पूरी थाली पर चिपका दें। इससे आपकी थाली काफी अट्रैक्टिव नजर आएगी। लाल रंग की चुनरी का फैब्रिक सबसे आकर्षक लगता है। आप यदि चुनरी का फैब्रिक इस्तेमाल नहीं करना चाह रही हैं तो उसकी जगह चुनरी प्रिंट में पेपर लेकर भी थाली को सजा सकती हैं। इसे आपको पूरी थाली के तल पर बहुत अच्छी तरह से चिपकाना है, जिससे पूरी थाली इस फैब्रिक से ढंक जाए।

**गोटा:** जब आप चुनरी का फैब्रिक या पेपर थाली पर लगा लें तो इसके बाद आपको उसे आकर्षक दिखाने के लिए गोटे का इस्तेमाल करें। लेकिन बहुत ज्यादा मोटा गोटा उस पर नहीं लगाएं, क्योंकि इससे थाली का लुक अच्छा नहीं लगेगा। मीडियम साइज के गोटे से थाली को सजाएं। आप इसे अपनी इच्छानुसार शेप में लगा सकती हैं। थाली गोल होती है तो गोल शेप में लगाते हुए गोटे चिपका दें या फिर क्रिएटिविटी के साथ अलग डिजाइन में सजा सकती हैं।

**मिरर:** जब आप थाली को गोटे से सजा दें तो उसके बाद मिरर का इस्तेमाल करें। मिरर को आप थाली पर जगह-जगह चिपका सकती हैं। इससे थाली बेहद सुंदर नजर आएगी।

**लेस और लटकन:** आप चुनरी के फैब्रिक को लगाने के बाद उसके चारों तरफ थाल के किनारे-किनारे लेस को चिपका सकती हैं, जिससे थाली का लुक चेंज हो जाएगा। अगर आपको लटकन लगानी है तो इस लेस से अटैच करते हुए चारों कोनों पर लटकन को लगा सकती हैं।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

# समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से करें निपटारा

■ नागरिक समाधान शिविर में साधारण कागज पर अपनी शिकायत लिखकर आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

समाधान शिविर में प्राप्त हर शिकायत का यथासंभव शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। अधिकारी लंबित शिकायतों का भी प्राथमिकता के आधार पर निदान करें। यह बात सोमवार को अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास, पंचायत अधिकारी राजपाल चहल एवं जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल के साथ समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने नागरिकों की शिकायतें सुनने के दौरान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए लीकेज इत्यादि को बंद करवाए तथा सीवर की समय-समय पर सफाई करवाएं। उन्होंने अधिकारियों को पंडित नेकीराम राजकीय महाविद्यालय के खेल मैदान से जल निकासी करवाने के निर्देश भी दिए।

नगराधीश अंकित कुमार ने सीएम विंडों, एसएमजीटी, जनसंवाद एवं समाधान शिविरों की लम्बित शिकायतों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को इन शिकायतों के तुरंत निपटारे के निर्देश दिए। समाधान शिविर में जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता रामेंद्र मलिक, नगर निगम के कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया, परिवहन विभाग के परिवहन प्रबंधक नवीन कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, एलडीएम महाबीर प्रसाद, जिला कल्याण अधिकारी रेणु सिसौदिया, स्वास्थ्य विभाग के जिला परिवार कल्याण शिक्षा अधिकारी सुरेश भारद्वाज, भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश मौजूद रहे।



रोहतक। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार। फोटो :हरिभूमि

## सीएम के निर्देश पर सोमवार व वीरवार को लगते हैं शिविर

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने समाधान शिविर के दौरान बिजली विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम इत्यादि से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को इन शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार हर नागरिक की प्रत्येक समस्या के तुरंत निदान के लिए हर सप्ताह के सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय एवं उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। नागरिक समाधान शिविर में साधारण कागज पर अपनी समस्या व शिकायत लिखकर आए। जिला प्रशासन द्वारा ऐसी शिकायतों पर सुनवाई कर समाधान करवाया जाएगा। इसके लिए कम्प्यूटर से शिकायत को टाईप करवाने की आवश्यकता नहीं है।

## खबर संक्षेप


रोहतक। मानसरोवर पार्क में मीटिंग करते ग्रामीण चौकीदार सभा के सदस्य।

### बकाया मानदेय के लिए 26 को होगा प्रदर्शन

**रोहतक।** बकाया मानदेय के भुगतान, मृत्यु इंद्राज की बकाया पड़ी प्रोत्साहन राशि जारी करवाने, ग्रामीण चौकीदारों को 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन देने और कर्मचारी घोषित करने समेत लंबित मांगों को लेकर आगामी 26 अगस्त को हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा(सीटू)के आह्वान पर के ग्रामीण चौकीदार उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। यह निर्णय ग्रामीण चौकीदार सभा द्वारा मानसरोवर पार्क में जिला कमेटी की बैठक में लिया गया।

### महाविद्यालय में हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम

**रोहतक।** श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्रों के लिए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता में एक भव्य दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों का स्वागत करना, उन्हें विद्यालय के नियमों, शिक्षण प्रणाली एवं संसाधनों से अवगत कराना था।

### राजकुमार सैनी का आकस्मिक निधन



**रोहतक।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता ललित मोहन सैनी के पिता एवं प्रतिष्ठित श्री हनुमान मंदिर के प्रधान राजकुमार सैनी का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। उनके निधन की शहर में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार गोहाना रोड स्थित शमशान भूमि पर किया गया।

### सीआर पब्लिक स्कूल में एनीमिया जांच कैंप लगा

**रोहतक।** भारत विकास परिषद् द्वारा सोमवार को सीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल तथा जाट हीरोज मेमोरियल एंग्लो संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनीमिया जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 200 विद्यार्थियों की एनीमिया की जांच की गई तथा बच्चों को पोषण जागरूकता के अंतर्गत चना व गुड़ वितरित किया गया। परिषद् की महिला संयोजिका वीना फोगाट व वरिष्ठ सदस्या सविता मलिक की गरिमामयी उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

### पुलिस ने सरसों से भरी पिकअप पकड़ी

**सांपला।** पुलिस ने नयां बास बाईपास के पास गुप्त सूचना पर छापा मारकर चोरी की सरसों से भरी एक पिकअप गाड़ी को पकड़ा है। पुलिस ने अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग नयां बास गोदाम के पास एक पिकअप गाड़ी में चोरी की सरसों भरकर जाने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोदाम से निकलने वाली गाड़ी को पकड़ लिया। तलाशी ली तो उसमें 73 बोरी सरसों की भरी हुई थी। चालक से सरसों का परमिट मांगा तो उसके पास कुछ नहीं पाया।

### अभद्र व्यवहार करने पर सदस्य किए बर्खास्त

**रोहतक।** जाट सभा रोहतक की जाट भवन में कार्यकारिणी की मीटिंग का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधान जयवीर सिंह ढुल ने की। उन्होंने बताया कि बीते दिनों उन्होंने जाट सभा के लिए एक कार्यकारिणी कमेटी का गठन किया था, जिससे सभा की मीटिंग सुचारू रूप से की जा सके। उस कमेटी को निरस्त कर दिया गया और नई कमेटी कार्यकारिणी का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि पुरानी निगरानी कमेटी के सदस्यों ने जाट सभा के खंजाची, सह सचिव, मैनेजर व स्टाफ सदस्यों के साथ अभद्र व्यवहार किया है और जिस पर सभी को बर्खाशत कर दिया।

## राजकीय महाविद्यालय महम के मैदान में धूमधाम से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने ली बैठक

स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में तैयारियों को लेकर बनीं रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

15 अगस्त को उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन राजकीय महाविद्यालय महम के मैदान में आयोजित होगा। एसडीएम मुकुंद तंवर की अध्यक्षता में सोमवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर चर्चा की गई और अलग-अलग कार्यों से संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि पीटी शो, परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ मुख्यातिथि द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों, युद्ध वीरांगनाओं का सम्मान भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा मुख्य मंच के अलावा साउंड सर्विस के प्रबंध करवाए जाएं। शिक्षा विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी के साथ-साथ रंगोली भी करवाई जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर सफाई व अन्य इंतजामों की जिम्मेवारी सभी संबंधित विभागों की लगाई गई है। उपमंडलाधीश मुकुंद तंवर ने कहा कि पुलिस द्वारा परेड निरीक्षण के लिए खुली जीप व राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध करवाया जाए। लोक निर्माण विभाग द्वारा बेरिकेडिंग करवाई जाए। इस अवसर पर डीएसपी ऋषभ सोढी, तहसीलदार रवि, नायब तहसीलदार राहुल, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी महम मुकुल दहिया, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी लाखनमाजरा रोहन दहिया, नगरपालिका के सचिव नवीन, खंड शिक्षा अधिकारी सरिता, राजकीय महाविद्यालय महम के प्राचार्य रोहित कुमार, आईटीआई फरमाणा के प्राचार्य सुरेश कुमार, प्राचार्य दिनेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।


महम। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते एसडीएम मुकुंद तंवर। फोटो : हरिभूमि

### बैठक में एडीसी ने दिए यह निर्देश

जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा पेयजल व वीआईपी शौचालय के प्रबंध किए जाए। खाद्य एवं पूर्ति विभाग द्वारा समारोह में भाग लेने वाले बच्चों के लिए रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था व मार्केट कमेटी द्वारा फोटोग्राफी इत्यादि के प्रबंध किए जाए। उन्होंने कहा कि विभागों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों के नाम भिजवाए जाए ताकि स्वतंत्रता दिवस समारोह में उन्हें सम्मानित किया जा सके।

## न्यूज डायरी


रोहतक। हवन यज्ञ करते विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार ,प्राध्यापक, शोधार्थियों व स्नातकोत्तर विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### भूगोल विभाग में हवन यज्ञ के साथ शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुभ शुरुआत हवन यज्ञ के आयोजन के साथ की। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार सहित विभाग के सभी प्राध्यापकों, शोधार्थियों और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने पूरे श्रद्धा और समर्पण भाव से भाग लिया। विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार ने इस आयोजन को शैक्षणिक और आध्यात्मिक संतुलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मन, बुद्धि और आत्मा के समग्र विकास की प्रक्रिया है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में अनुशासन, आस्था और सकारात्मकता का संचार होता है, ऐसा विभागाध्यक्ष का कहना था।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. बीनू सांगवान, प्रो. सचिंदर सिंह, प्रो. रेनू आर्य तथा डॉ. प्रदीप कुमार ने भी अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने भारतीय परंपरा में शिक्षा के आध्यात्मिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को आंतरिक शुद्धता, ज्ञान और साधना के पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भविष्य में ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया, जिससे विभाग का शैक्षणिक वातावरण सतत प्रेरणादायक और मूल्यपरक बना रहे।

### सावन के अंतिम सोमवार को शिवालय पर जलाभिषेक

**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में सावन माह के अंतिम सोमवार को मानेश्वरी देवी व शिवभक्तों ने भजन-कीर्तन के साथ शिवलिंग पर भोलेनाथ का जलाभिषेक व रुद्राभिषेक कर परिवार के सुख समृद्धि की मंगल कामनाएं की। शिव भक्तों ने शिवलिंग पर भांग, गंगा जल, धतूरे, बेलपत्र, पुष्प, दूध, जल आदि से भगवान शिव का अभिषेक किया और मनोकामनाएं मांगी। यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी। साध्वी मानेश्वरी देवी ने शिव पुराण कथा ओम नमः शिवाय और हर हर महादेव के जाप के साथ भक्तिभाव और श्रद्धा से आरंभ की। उन्होंने कहा कि कर्म तो भोगना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मनुष्य को दो कारणों से मानव शरीर की प्राप्ति होती है। या तो हम भगवान भोलेनाथ के हो जाएं और या फिर भगवान भोलेनाथ हमारे हो जाएं।


रोहतक। शिवलिंग पर जलाभिषेक करते साध्वी मानेश्वरी देवी व भक्तजन। फोटो : हरिभूमि



### रामभतेरी और तनीषा ने नेट जेआरएफ किया पास

**रोहतक।** राजकीय महाविद्यालय सांपला की वाणिज्य विभाग में एमकॉम की दो छात्राओं रामभतेरी और तनीषा ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करके अपने विभाग का नाम रोशन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर परमभूषण आर्य और वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर के अध्यक्ष डॉ रोशन लाल रोहिल्ला और सभी प्राध्यापकों ने दोनों छात्राओं को उसकी सफलता पर बहुत-बहुत बधाइयां दी। डॉ रोशन लाल रोहिल्ला ने बताया कि रामभतेरी ने जूनियर रिसर्च फेलोशिप की परीक्षा पास की है जबकि तनीषा ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा पास कर नाम रोशन किया।

# विजेता खिलाड़ियों को एडीसी ने किया सम्मानित

■ राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का भव्य समापन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजीव गांधी खेल स्टेडियम परिसर स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण बॉक्सिंग हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2025 का समापन समारोह सोमवार को भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार रहे, जिन्होंने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को न केवल खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि उनके चरित्र निर्माण और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने भविष्य में और अधिक खेल सुविधाओं और प्रतियोगिताओं की व्यवस्था के लिए प्रतिबद्धता जताई। इस प्रतियोगिता में नेटबॉल, फुटबॉल और बॉक्सिंग के पुरुष व महिला वर्ग में कुल 1840 खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन समारोह में खिलाड़ियों के साथ-साथ खेल अधिकारियों, कोचों और गणमान्य अतिथियों ने भी शिरकत की। एडीसी नरेंद्र कुमार ने महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में भाग लेने वाली रोहतक की आरती और अंबाला की जसलीन तथा पुरुष वर्ग में 55-60 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनलिस्ट फतेहाबाद के वंश और अंबाला के अब्दुल कुमार से रिंग में जाकर व्यक्तिगत रूप से परिचय प्राप्त किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुकाबलों में आरती (रोहतक) और अब्दुल कुमार (अम्बाला) ने स्वर्ण पदक, जबकि जसलीन (अम्बाला) और वंश (फतेहाबाद) ने रजत पदक अपने नाम किया। इस आयोजन में खेल विभाग की मंडल उपनिदेशक सुनिता खत्री, साई निदेशक सचिन, गौरव सौलंकी, अनिल मलिक, मंदीप दलाल, विनोद कुमार आदि रहे।


रोहतक। विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार। फोटो :हरिभूमि

### नेटबॉल के विजेता

नेटबॉल प्रतियोगिताओं के पदक पुरुष वर्ग स्वर्ण रोहतक, रजत झज्जर, कांस्य, पानीपत, महिला वर्ग में स्वर्ण रोहतक, रजत झज्जर, कांस्य रेवाड़ी ने हासिल किया। बॉक्सिंग टीम चैम्पियनशिप पुरुष वर्ग प्रथम स्थान भिवानी (13 अंक), द्वितीय, पंचकुला (11 अंक), तृतीय फतेहाबाद (9 अंक), महिला वर्ग प्रथम स्थान रेवाड़ी (13 अंक), द्वितीय कैथल (11 अंक), तृतीय रोहतक (7 अंक)। फुटबॉल प्रतियोगिता (महिला वर्ग) स्वर्ण भिवानी, रजत हिसार, कांस्य रोहतक ने हासिल किया।


रोहतक। पोजीट्रान हॉस्पिटल में घुटनों की जांच करते चिकित्सक और वेटिंग हॉल में अपने नंबर का इंतजार करते मरीज।

# पोजीट्रान अस्पताल में रोबोटिक घुटना सर्जरी शुरू अब घुटनों का इलाज और भी आसान और सटीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पोजीट्रान हॉस्पिटल में रोबोटिक घुटना सर्जरी शुरू हो गई है। अब घुटनों का इलाज और भी आसान और सटीक ढंग से होगा। विशेषकर 50 वर्ष की उम्र के बाद ऑस्टियोआर्थराइटिस जैसे रोग घुटनों के जोड़ों को क्षति पहुंचाते हैं, जिससे चलना-फिरना, सीढ़ी चढ़ना और यहां तक कि सामान्य जीवन जीना भी दुभर हो जाता है। पारंपरिक घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी से राहत तो मिलती है, लेकिन अब चिकित्सा विज्ञान में आई एक नई तकनीक रोबोटिक घुटना सर्जरी ने इस प्रक्रिया को और भी ज्यादा सटीक, सुरक्षित और कम दर्द वाला बना दिया है। यह जानकारी सीईओ अनिल यादव ने दी। उन्होंने बताया कि रोहतक स्थित पोजीट्रान हॉस्पिटल में इस अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से सैकड़ों मरीजों को घुटनों के दर्द से राहत मिल चुकी है।

### क्या है रोबोटिक घुटना सर्जरी?

रोबोटिक घुटना सर्जरी एक ऐसी उन्नत प्रक्रिया है जिसमें मरीज के घुटने की स्थिति का 3डी डिजिटल नक्शा बनाकर एक रोबोटिक आर्म की सहायता से सर्जरी की जाती है। इसमें डॉक्टर और रोबोट की संयुक्त कार्यशैली से इम्प्लांट को घुटने में अत्यधिक सटीकता के साथ लगाया जाता है। इस तकनीक की मदद से घुटने की हड्डियों को जितना आवश्यक हो उतना ही हटाया जाता है और इम्प्लांट को बि लकुल सही एंगल और पोजीशन में फिट किया जाता है। यह प्रक्रिया पारंपरिक घुटना रिप्लेसमेंट की तुलना में अधिक सटीक और लाभकारी मानी जाती है क्योंकि इसमें गलती होने की सम्भावना शून्य के बराबर होती है।

### ये है सर्जरी की विशेषताएं

▶▶| रीयल टाइम डेटा आधारित निर्णयः सर्जरी के दौरान यह सिस्टम घुटने की मूवमेंट और लिंगामेंट की ▶▶| टेंशन को मापता है और उसी के अनुसार सर्जन को गाइड करता है ▶▶| सटीक इम्प्लांट पोजिशनिंगः इम्प्लांट को बिल्कुल उस स्थान पर स्थापित किया जाता है जहां उसकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है, जिससे घुटने का संतुलन और मूवमेंट बेहतर रहता है ▶▶| कम चीरा, कम रक्तस्रावः इस तकनीक में पारंपरिक सर्जरी की तुलना में छोटा चीरा लगाया जाता है,जिससे संक्रमण और खून बहाव की आशंका बहुत कम हो जाती है। जल्दी रिकवरीः मरीज सर्जरी के कुछ ही घंटों बाद अपने पैरों पर खड़ा हो सकता है और 2-3 दिनों में घर लौट सकता है।

## पठानिया स्कूल में हेरिटेज क्विज का सफल आयोजन

**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल सभागार में हेरिटेज क्विज आयोजित किया गया। प्रथम चरण में कक्षा पांचवीं से आठवीं कक्षा के 750 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंच पर विद्यार्थियों का आत्मविश्वास, हाव-भाव व प्रभावी प्रस्तुति देखते ही बनती थी। इस कार्यक्रम में मंच संचालन रेणु शर्मा, मिताली, मनीषा भारती, रजनी पसरीजा, मोनिका खन्ना, भारती द्वारा बखूबी किया गया। हेरिटेज क्विज का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और इतिहास के प्रति जागरूक करना व युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ना है। अंतिम चरण में प्रतियोगिता को छः राउंड में विभाजित किया गया, जिसमें सामान्य ज्ञान, दृश्य-श्रव्य राउंड और तात्कालिक प्रश्न आदि शामिल थे। चयनित 23 टीमों के प्रतिभागियों से भारतीय इतिहास संस्कृति, कला और विज्ञान से सबंधित प्रश्न पूछे गए। हेरिटेज क्विज के विजेता कक्षा पांचवीं व छठीं से प्रथम स्थान पर सिंधु स्कोलर्स, द्वितीय स्थान पर गंगा गार्डियनस व यमुना योद्धाज और तृतीय स्थान पर कृष्णा करंटज रहीं। कक्षा सातवीं व आठवीं से प्रथम सांची सतूपा, द्वितीय स्थान पर बुलंद दरवाजा व तृतीया स्थान पर एलिफेंटा केव्स विजेता रहीं। विद्यालय को-फाउंडर वर्षा पठानिया, स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा, सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी, कोर्डिनेटर प्रभा शर्मा आदि रहे।



### आर्य स्कूल मदीना में हुआ हवन

**महम।** आर्य स्कूल मदीना में सोमवार को मासिक हवन का आयोजन किया गया। आचार्य करतार शास्त्री ने मंत्रोच्चरण के साथ यज्ञ सम्पन्न करवाया। इस दौरान बच्चों व शिक्षकों से विश्व शांति की कामना की। हवन में स्कूल के प्राचार्य अशोक दांगी और निदेशिका लतेश दांगी ने मुख्य यजमान की भूमिका का निभाई। अशोक दांगी ने कहा कि गुरुजनों का मार्गदर्शन और आशीर्वाद ही हमें जीवन में सफलता प्राप्त करने में मदद करता है।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
❖ RMO 4
❖ ICU STAFF 6
❖ NURSING STAFF 4
❖ PRO/MARKETING EXECUTIVE 2
❖ COMPUTER OPERATOR 1
नज़दीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

RADHA SWAMI NURSING COLLEGE
(Recognised/Affiliated by Haryana Govt/HN&NMC/INC)
Approved by NIILM University
VPO Kharkara, Distt. Rohtak M. 9812072127
Admission & Guidance (Session 2025-26)
हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्स करने के लिए संपर्क करें

| Course | Duration | Eligibility |
|---|---|---|
| GNM (Nursing Officer) | 3 Years | 12th Any Stream |

UNIVERSITY COURSE
X-Ray Technician | Physiotherapy | Fire Safety & Technician
Radiology & Imaging Technology | Medical Laboratory Technician
And many others Diploma/B.SC/M.SC Degree Course offered by University.
Rohtak Off.: Radha Swami Medical Institute
Shastri Nagar Hisar Road Bye Pass, Rohtak M. 9812072127

Hartron
HARTRON
(हरियाणा सरकार का उपक्रम)
COMPUTER TRAINING & SKILL CENTRE
हार्ट्रोन डिप्लोमा सभी सरकारी विभाग व निजी कम्पनियों में मान्य
AS PER HARYANA GOVT. NOTIFICATION DATED 19/09/19 SETC (PART-1) EXEMPTED AFTER SIX MONTHS/ONE YEAR COURSES
Diploma/Certificate Course in
➤ Software
➤ Financial Accounting
➤ Web Technology
➤ Desktop Publishing
➤ Hardware & Networking
Short Term Courses
➤ Office Automation
➤ Digital Marketing
➤ Software Testing
➤ Fundamental of Cyber Security
Features
➤ Computer Courses as per current IT market
➤ Excellent Curriculum
➤ Regular/Part time classes
➤ Well Trained and Qualified Faculty
➤ CCTV, Biometric Attendance System
➤ Flexible Timing for job Holders
➤ Air-Conditioned Labs & Theory Rooms
➤ Computer Labs for Practice Sessions
185, Huda Complex, Near ZAD Global School, Rohtak
M. 7404288876, 7419488930

## खबर संक्षेप



### पुलिस लाइन में जवानों ने किया योगाभ्यास

**रोहतक।** पुलिस लाइन में जवानों द्वारा योगाभ्यास किया गया। पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया है। जवानों ने अलग-2 प्रकार के व्यायामों के अभ्यास किए। योग की शुरुआत प्राणायाम से की गई। जवानों को ध्यान लगाने की क्रिया के बारे में भी अवगत कराया गया। जवानों ने योग आसन का भी अभ्यास किया। इस दौराने जवानों को योग के फायदे तथा स्वस्थ रहने के मूल-मंत्र दिए। स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग करने, संतुलित भोजन खाने व उचित नींद लेने व स्वस्थ रहने के उपाय बारे भी विस्तार से बताया गया।

### आईटीआई में नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला 11 को

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि तहसील परिसर के नजदीक स्थित राजकीय सैनिक परिवार भवन आईटीआई द्वारा 11 अगस्त को सुबह 9:30 बजे प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। अप्रेंटिसशिप अधिनियम के तहत प्रतिष्ठानों व औद्योगिक इकाईयों में 2.5 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक अप्रेंटिस लगाया जाना अनिवार्य है।

### सीडीएस की तैयारी के लिए क्लासेज 8 से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर कंपीटिटिव एग्जामिनेशन आगामी 14 सितंबर को निर्धारित सीडीएस 2025 परीक्षा की तैयारी के लिए 8 अगस्त से 12 सितंबर तक विशेष कोचिंग क्लासेज का आयोजन करेगा। यूसीसीई निदेशक प्रो. जेएस हुड्डा ने बताया कि यूटीडी समेत संबद्ध महाविद्यालयों तथा अन्य विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी इस कोचिंग बैच में एडमिशन के लिए 7 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों को यूसीसीई लाइब्रेरी की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

### स्वरोजगार के लिए 21 तक आवेदन करें

**रोहतक।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति के बेरोजगार व्यक्तियों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध करवाने के बारे 21 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह जानकारी उपायुक्त धर्मेंद्र ने दी। उन्होंने बताया कि स्वरोजगार के लिए ऋण प्राप्त करने के लिए निर्धारित शर्तों में आवेदक की वार्षिक आय तीन लाख रुपये तक हो तथा आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो। आवेदक हरियाणा का निवासी हो तथा पहले किसी बैंक, सरकारी वित्तीय संस्था या निगम का डिफाल्टर न हो।

# जियोफेंसिंग हाजरी का किया विरोध, डॉक्टरों ने एक घंटे की हड़ताल, मरीजों को परेशानी

## डॉक्टरों ने पोस्टमॉर्टम और एमरजेंसी सेवाओं को नहीं रोका, आंदोलन तेज करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सिविल अस्पताल के डॉक्टरों ने जियो फेंसिंग अटेंडेंस के खिलाफ सोमवार को एक घंटे की सांकेतिक हड़ताल की। इस दौरान सिविल अस्पताल में मरीजों को काफी परेशानी हुई। हालांकि एक घंटे बाद डॉक्टर अपने काम पर लौट गए। लेकिन इससे पहले डॉक्टरों ने एमएस के माध्यम से सरकार के नाम ज्ञापन भी सौंपा। हालांकि हड़ताल के दौरान डॉक्टरों ने पोस्टमॉर्टम व एमरजेंसी सेवाओं को नहीं रोका। प्रदर्शन कर रहे डॉ. विश्वजीत राठी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग तालमेल कमेटी के आह्वान पर एक घंटे का सांकेतिक प्रदर्शन किया है। अगर सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों की बात नहीं मानी और मनमर्जी थोपने का प्रयास किया तो तालमेल कमेटी अपनी मांगों को लेकर कड़ा रुख अपना सकती है, जिसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी। डॉ. विश्वजीत राठी ने कहा कि सरकार ने फरमान जारी किया कि जियो फेंसिंग एप पर अटेंडेंस लगाएं, लेकिन डॉक्टर अपने पर्सनल फोन में एप डाउनलोड नहीं करेंगे। यह उनकी पर्सनल लिबर्टी का हनन होगा। पहले ही रजिस्टर व बायोमेट्रिक हाजरी डॉक्टर लगा रहे हैं, फिर जियो फेंसिंग हाजरी लगाने का क्या औचित्य है। डॉ. विश्वजीत राठी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का कैडर बहुत बड़ा है। अगर एक दिन के लिए स्वास्थ्य विभाग अपना काम बंद कर दे तो सरकार भी घुटनों पर आ सकती है, क्योंकि काम बंद करने के बाद स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा जाएंगी। अभी हड़ताल में पोस्टमॉर्टम व एमरजेंसी सेवाओं को नहीं रोका गया।



रोहतक। नारेबाजी करते स्वास्थ्य विभाग तालमेल कमेटी के सदस्य।



रोहतक। ज्ञापन देते स्वास्थ्य विभाग तालमेल कमेटी के पदाधिकारी।

### महम में भी सेवाएं प्रभावित रही



**महम।** नागरिक अस्पताल महम में सोमवार सुबह 10 बजे से 11 बजे तक जियो-फेसिंग आधारित उपस्थिति प्रबंधन प्रणाली के विरोध में स्वास्थ्य सेवाएं एक घंटे के लिए निलंबित रहीं। इस दौरान अस्पताल का अधिकांश स्टाफ विरोध प्रदर्शन में शामिल हुआ, जिससे मरीजों को असुविधा का सामना करना पड़ा। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. विकास बालियान ने की। जबकि इसका संचालन स्वास्थ्य निरीक्षक सुनील कुमार अहलावत ने किया। स्टाफ सदस्यों ने जियो-फेंसिंग प्रणाली को कर्मचारियों के लिए अव्यावहारिक और अनावश्यक बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। अस्पताल के विभिन्न विभागों के कर्मचारी, फार्मासिस्ट, डेंटल स्टाफ, ऑप्थेल्मिक स्टाफ, रेडियोग्राफर स्टाफ, प्रयोगशाला स्टाफ, एचकेआरएन स्टाफ और एनएचएम स्टाफ भी विरोध में एकजुट होकर शामिल हुए। इस विरोध प्रदर्शन में डॉ. मोनू, डॉ. रिम्पी, डॉ. कनक सहित कई डॉक्टरों ने भाग लिया। उनके साथ बड़ी संख्या में एमपीएचडब्ल्यू (पुरुष और महिला), जिनमें कुलदीप, राजेश दलाल, सुमित कुमार, सोमबीर,परमवीर, नरेंद्र भराण, संदीप, प्रीति, बबीता, परमीला, कविता सुनील आदि मौजूद रहे।

### तालमेल कमेटी लेगी निर्णय

डॉ. विश्वजीत राठी ने बताया कि अगर सरकार ने अपने जियो फेंसिंग हाजरी वाले फरमान को वापस नहीं लिया तो तालमेल कमेटी कड़ा रुख अपना सकती है। हड़ताल के दौरान जिन मरीजों को परेशानी हुई है, उसके लिए सरकार जिम्मेदार है। इस विरोध प्रदर्शन में डॉ अश्वनी चहल, डॉ परितेव सिंह, बहु उद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन से विनोद हुड्डा, संदीप गोस्वामी, देवेंद्र राणा, अमरजीत सुपरवाइजर संघ से देवेंद्र , सतीश, मिनिस्ट्रीरियल स्टाफ एसोसिएशन से पूनम, विकास, राजेश चितकारा, सुरेंद्र, एसोसिएशन ऑफ गवर्मेंट फार्मेसी ऑफिसर रोहतक से अशोक हुड्डा, अश्वनी, प्रमोद नांदल, नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन से सुदेश, पूनम, प्रीति, रेडियोग्राफर एसोसिएशन से सुमित खन्ना, एन एच एम रोहतक से डॉ अंकित फोगाट, लैब टेक्निशियन एसोसिएशन से विकास वर्मा शामिल रहे।

# सेक्टर दो-तीन मार्केट के दुकानदार आयुक्त से मिले कोरिडोर में मांगी जगह



रोहतक। आयुक्त से मिलते सेक्टर दो तीन मार्केट के दुकानदार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सेक्टर दो तीन मार्केट के दुकानदारों ने दुकान के बाहर कोरिडोर में चार फुट जगह की मांग की है ताकि वह अपना कारोबार आराम से कर सकें। इस मांग को लेकर सोमवार को दुकानदार नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा से मिले। आयुक्त ने उनकी मांग सुनने के बाद स्पष्ट कहा कि अतिक्रमण तो हटाना पड़ेगा। इसके लिए देर शाम एलओ, एसडीओ सहित अन्य अधिकारियों को मौका निरीक्षण के लिए भेजा गया। निगम की तरफ से मौके का निरीक्षण कर टीन शेड हटाने के आदेश दिए गए, साथ ही कहा कि दुकानदार केवल फोल्ड करने वाला टीन शेड ही लगवा सकते हैं, वह भी केवल धूप के समय खोला जा सकता है। अब बुधवार को अधिकारी कोरिडोर की जगह दुकानदारों के लिए छोड़ने पर निर्णय लेंगे। दुकानदारों ने बताया कि कई दिनों से निगम की टीम बाजार में आ रही है। इस दौरान अतिक्रमण हटवाने के लिए साथ-साथ सामान जब्त किया जा रहा है। इसलिए वह आयुक्त से अपनी दुकानों के आगे चार फुट जगह सामान रखने के लिए मांग रहे हैं जबकि कोरिडोर नौ फुट का है। आयुक्त ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।



रोहतक। दुकानों के बाहर बनाया गया नौ फुट का कोरिडोर।

# विकल्प पब्लिक स्कूल के छात्र रितेश ने किया नाम रोशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

विकल्प पब्लिक स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र रितेश ने स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन किया। रितेश ने 30 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित सीबीएसई जोनल खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिताएं श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, खरखोदा में आयोजित की गईं। रितेश ने अंडर-14 (बॉयज़) ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें 41 किलोग्राम वेट कैटेगरी में कुल 53 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इन सभी प्रतिभागियों में रितेश ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। रितेश नेशनल प्रतियोगिता के लिए भी चयनित हो चुका है। स्कूल के लिए यह बड़े गौरव की बात है और स्कूल रितेश को इस अपार सफलता के लिए शुभकामनाएं देता है।

■ **सीबीएसई जोनल खेल स्पर्धा में जीता गोल्ड मेडल**

स्कूल में सुबह कालीन विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें रितेश को सम्मानित किया गया और उसे नेशनल स्पर्धा के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के निदेशक सुखबीर सिंह, प्राचार्य किरण पाहवा, कोऑर्डिनेटर मंजू मौजूद रहे।

# नाबालिग बेटी ने पिता पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

कस्बा महम में एक नाबालिग बेटी ने अपने पिता पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। महम पुलिस ने बेटी की शिकायत पर पिता के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता नाबालिग लड़की 11वीं कक्षा में पढ़ती है। छात्रा की मां की मौत हो चुकी है। छात्रा का आरोप है कि उसके पिता ने रात को उसके साथ छेड़छाड़ की। छात्रा ने यह बात फोन पर अपनी मौसी को बताई। मौसी ने यह बात अपने माता पिता को बताई। छात्रा के नाना और नानी बेटी के स्कूल में पहुंचे। वहां से छात्रा को साथ लेकर महम थाने में पहुंचे। यहां छात्रा ने थाने में एक लिखित शिकायत दी और कोर्ट में छात्रा के बयान करवाए गए। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया और छात्रा की शिकायत पर आरोपित पिता के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। छात्रा ने बताया कि कुछ दिन पहले भी उसके साथ छेड़छाड़ की थी। रात की घटना के बाद छात्रा सहमी हुई थी। हालांकि छात्रा के पिता छेड़छाड़ के आरोपों को नकार रहे हैं। पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

# एमडीयू छात्रों ने प्रदर्शन करके कुलपति को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहीद भगत सिंह छात्र संगठन के अध्यक्ष प्रदीप मोटा एवं अन्य छात्रों ने सोमवार को मदवि के कुलपति एवं डीन अकादमिक कार्य को एक ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने प्रशासन को अवगत कराया कि यदि उनकी मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया, तो विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय को ताला जड़कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में कपिल फौजी, छात्र नेता निशांत, अनी डांगी, गौरव, ईशांत, अंकित साहू, नवीन, फैजल मौजूद रहे।



रोहतक। ज्ञापन सौंपते शहीद भगत सिंह छात्र संगठन के अध्यक्ष प्रदीप मोटा व अन्य।

### ये हैं मांगें

विश्वविद्यालय की प्रवेश शुल्क 1600 अधिक है, कम किया जाए। सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों की पुनः नियुक्ति न की जाए। सत्र शुल्क में सभी विभागों में ली जा रही 10 प्रतिशत अतिरिक्त फीस को समाप्त किया जाए। होस्टल शुल्क में कटौती की जाए। एमडीयू के खिलाड़ियों को पिछले पांच वर्षों से कोई नकद पुरस्कार नहीं दिया गया है, सम्मान राशि दी जाए।

# अभद्र व्यवहार, कार्यकारिणी सदस्य बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जाट सभा रोहतक की जाट भवन में कार्यकारिणी की मीटिंग का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधान जयवीर सिंह ढुल ने की। उन्होंने बताया कि बीते दिनों उन्होंने जाट सभा के लिए एक कार्यकारिणी कमेटी का गठन किया था, जिससे सभा की मीटिंग सुचारू रूप से की जा सके। उस कमेटी को निरस्त कर दिया गया और नई कमेटी कार्यकारिणी का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि पुरानी निगरानी कमेटी के सदस्यों ने जाट सभा के खंजाची, सह सचिव, मैनेजर व स्टाफ सदस्यों के साथ अभद्र व्यवहार किया है और जिस पर सभी जाट सभा के सदस्यों से विचार विमर्श कर बीते दिनों बनाई निगरानी कमेटी के सदस्यों नरेंद्र साहरण, सुभाष कादियान, सतीश कुण्डू, ईश्वर दलाल, रणधीर सिवाच को कार्यकारिणी कमेटी से बर्खास्त कर दिया है। प्रधान जयवीर सिंह ढुल ने बताया कि उन्होंने अब एक नई कमेटी बनाई है। जिसमें रणवीर सिंह नांदल, सतबीर सिंह छिकारा, वजीर सिंह सोहरण, रविंद्र सोहरण व राकेश नांदल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस दौरान नरेंद्र सिंह, सेवासिंह, जयपाल, श्रीकृष्ण हुड्डा, दीपक कुमार, राजेंद्र सिंह, रमेशचंद्र, सुरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# निंदाना गांव के संदीप नेहरा बने इनेलो के हलका युवा अध्यक्ष

**महम।** निंदाना गांव के संदीप नेहरा को इनेलो का हलका युवा अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संदीप नेहरा ने बताया कि उन्हें चौथी बार युवा हलका अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है।जिला अध्यक्ष डॉ नफे सिंह लाहली ने कहा कि संदीप नेहरा निन्दाना हलका प्रवक्ता के पद पर भी बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि संदीप नेहरा इनेलो पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ता हैं। संदीप नेहरा ने कहा कि उनको जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उस पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। नई नियुक्ति के लिए उन्होंने पार्टी सुप्रीमो चौधरी अभय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, महिला राष्ट्रीय प्रभारी सुनैना चौटाला व जिला अध्यक्ष डॉ नफे सिंह लाहली एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गोस्वामी का आभार प्रकट किया।



संदीप नेहरा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### संस्थान में धूमधाम से मनाया जाएगा इंडक्शन प्रोग्राम

# सुपवा में जुटेंगी देश की प्रमुख मीडिया हस्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दादा लक्ष्मीचंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2025–26 की शुरुआत एक विशेष और भव्य इंडक्शन प्रोग्राम के साथ करने जा रहा है। यह आयोजन 5 अगस्त को विश्वविद्यालय के मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा और इस बार का इंडक्शन कार्यक्रम कई मायनों में ऐतिहासिक माना जा रहा है। कार्यक्रम की सबसे विशेष बात यह है कि इसमें देश की जानी-मानी मीडिया व सांस्कृतिक हस्तियां नवप्रवेशी छात्रों को सीधे संबोधित करेंगी।

वरिष्ठ पत्रकार सुमित अवस्थी, संदीप चौधरी, प्रसिद्ध फिल्म निर्माता अतुल गंगवार, मीडिया विश्लेषक व प्रेरक वक्ता हर्ष वर्धन जैसे दिग्गज इस समारोह में भाग लेंगे। इनकी उपस्थिति छात्रों को उनके शैक्षणिक जीवन की शुरुआत में ही जीवन के व्यावहारिक अनुभवों और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य करेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अमित आर्य जो स्वयं भी एक वरिष्ठ पत्रकार रह चुके हैं, ने इस कार्यक्रम में इन हस्तियों को आमंत्रित करने की पहल की है। उन्होंने कहा कि डीएलसी सुपवा में हम मानते हैं कि प्रेरणा पाठ्यपुस्तकों से भी पहले छात्रों तक पहुंचनी चाहिए। वास्तविक दुनिया से जुड़े विचारकों और विशेषज्ञों को छात्रों के साथ जोड़ना, हमारी व्यावहारिक और अनुभव-आधारित शिक्षा प्रणाली की नींव है। कार्यक्रम की तैयारियों की निगरानी कुलसचिव डॉ. गुंजन मलिक के नेतृत्व में की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक शैक्षणिक शुरूआत नहीं है, बल्कि छात्रों और विश्वविद्यालय के बीच एक सांस्कृतिक संवाद और अपनत्व की शुरुआत है। हमारा उद्देश्य है कि छात्र पहले ही दिन से स्वागत, सशक्तिकरण और सृजनात्मकता का अनुभव करें।



रोहतक। तैयारियों के लिए निगरानी कमेटी की मीटिंग लेते कुलसचिव डॉ. गुंजन मलिक।

### संस्कारों से भरपूर रहेगा दो दिवसीय आयोजन

5 अगस्त को होने वाला इंडक्शन कार्यक्रम केवल भाषणों तक सीमित नहीं रहेगा। इसमें विजुअल आर्ट्स की प्रदर्शनी छात्रों द्वारा बनाई गई फिल्मों की स्क्रीनिंग संगीतमय प्रस्तुतियां और अतिथियों व प्रशासनिक नेतृत्व के प्रेरक संबोधन शामिल रहेंगे। यह आयोजन न केवल छात्रों के लिए मनोरंजन और सीख का मंच बनेगा, बल्कि उनकी रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने का भी माध्यम होगा।

### कल होगा हवन

इसके अतिरिक्त 6 अगस्त को एफटीवी भवन के खुले प्रांगण में सत्रारंभ के उपलक्ष्य में एक पावन हवन का आयोजन किया जाएगा, जिससे वातावरण में शुभता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। डीएलसी सुपवा, हरियाणा सरकार द्वारा अधिनियम संख्या 24 (2014) के अंतर्गत स्थापित एकमात्र ऐसा राज्य विश्वविद्यालय है, जो संपूर्ण रूप से प्रदर्शन और दृश्य कला को समर्पित है। यह संस्थान उत्तर भारत में कलात्मक नवाचार और उत्कृष्टता का तेजी से उभरता हुआ केंद्र बन रहा है।

# एसआरएस पब्लिक स्कूल में राखी की स्टॉल लगाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एसआरएस पब्लिक स्कूल आईएमटी में सिरतार संस्थान के विशेष छात्रों द्वारा एक सुंदर हस्तनिर्मित राखी स्टॉल लगाई गई। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में स्वावलंबन, रचनात्मकता तथा व्यावहारिक जीवन कौशल को बढ़ावा देना था।

इस गतिविधि का सफल संचालन विशेष शिक्षक चकलेश्वर तथा स्वीटी के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। बच्चों ने पूर्ण उत्साह और समर्पण के साथ विविध रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियां तैयार कीं, जिनमें पारंपरिक शिल्प और नवीन डिज़ाइनों का अद्भुत समावेश रहा।

स्टॉल में राखियां पूजा, मनोज, सुमित, शुभम, गतकि और लोकेश ने लगाई। इन सभी छात्रों ने अपने कौशल, आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच से सभी को प्रभावित किया। यह आयोजन न केवल छात्रों के लिए सीखने का मंच बना, बल्कि दर्शकों के लिए भी एक प्रेरणादायक अनुभव रहा।